प्रादेशिक समाचार
05.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार सृजन पर बजट बाद वेबिनार को किया संबोधित, कहा– लोग, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश, विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करते हैं।

2. झारखंड विधानसभा में जल जीवन मिशन, अनुदान राशि और स्वर्णरेखा परियोजना पर हुई तीखी बहस, सत्ता पक्ष के रवैये से नाराज विपक्ष का वॉकआउट।

3. पश्चिमी सिंहभूम आईईडी ब्लास्ट में घायल तीन सीआरपीएफ जवानों का रांची में इलाज जारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा– 31 मार्च तक नक्सलियों का होगा खात्मा।

4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रशिक्षण पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र , आईटीआई प्रशिक्षण सुधारने पर दिया जोर, ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण की घोषणा की।

5. जमशेदपुर में इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज जमशेदपुर एफसी का मुकाबला ओडिशा से।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार सृजन पर बजट बाद वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन की सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे–केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वेबिनार के विषय लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करते हैं।

******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज झारखंड सरकार ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 34 लाख 23 हज़ार घरों को नल जल कनेक्शन दिया गया है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने केंद्र से धनराशि नहीं मिलने को परियोजना की धीमी प्रगति का कारण बताया। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जिसे मंत्री ने खारिज कर दिया  कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने स्वर्णरेखा परियोजना में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई की मांग की। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि केंद्र से 11 हजार करोड़ की अनुदान राशि अब तक नहीं मिली है।

झारखंड विधानसभा में सत्ता पक्ष और अध्यक्ष के रवैये से नाराज विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि बजट चर्चा के दौरान डॉ. नीरा यादव को बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष की टिप्पणियों को रोकने का प्रयास नहीं किया, जिसका विपक्ष ने विरोध जताया।

सभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है ।

******************

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने झारखंड प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा ओ. बी. सी. मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद डॉ के लक्ष्मण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

******************

रांची के ऑड्रे हाउस में कल से 12 मार्च तक आदि बाजार और आदि चित्र मेले का आयोजन होगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय और TRIFED द्वारा आयोजित इस मेले में आदिवासी शिल्प, संस्कृति और खानपान को बढ़ावा मिलेगा।

******************

पश्चिमी सिंहभूम में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल तीन सीआरपीएफ जवानों का रांची में इलाज चल रहा है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर जवानों का हाल जाना और कहा कि जरूरत पड़ने पर एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा जाएगा। डीजीपी ने दावा किया कि 31 मार्च तक बचे हुए नक्सलियों को या तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा या मार गिराया जाएगा।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज 49 प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आईटीआई कॉलेजों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के कौशल विकास पर जोर दिया। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण व्यवस्था शुरू करने की भी घोषणा की।

******************

<u>संक्षिप्त खबरें–</u>

- गिरिडीह में केदारनाथ धाम में रोपवे निर्माण के फैसले का लोगों ने स्वागत किया है। स्थानीय उद्यमियों ने इसे, यात्रा को सुगम और किफायती बनाने वाली मोदी सरकार की सराहनीय पहल बताया।
- सरायकेला–खरसावां में पुलिस ने भारत फाइनेंस के कलेक्शन एजेंटों की मिलीभगत से हो रही लूटपाट का खुलासा किया। पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ लूटे गए कैश, टैब, बायोमैट्रिक डिवाइस और दो बिना नंबर की बाइक बरामद हुई।
- रामगढ़ के रजरप्पा जंगल में जंगली हाथियों के हमले से 60 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये मुआवजा दिया।

******************

राज्य सरकार की पहल पर गोड्डा डायलिसिस सेंटर का निर्माण किया गया है। किडनी संबंधी बीमारी से जुड़े रोगियों को सदर अस्पताल में ही डायलिसिस की सुविधा मिलेगी।

******************

रांची समेत झारखंड के कई जिलों में तापमान में बढ़ोत्तरी देखी गयी। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट की संभावना है।

******************

जमशेदपुर में आज इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में जमशेदपुर एफसी का मुकाबला ओडिशा से होगा। ये मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। प्रतियोगिता में कल रात गोवा ने मोहम्मडन एससी को 2–0 से हरा दिया था। इस जीत के साथ ही गोवा ने दूसरे स्थान पर अपनी जगह पक्की कर ली है।

******************

दुबई में चैपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दुसरे सेमीफाइनल में न्यूज़ीलैण्ड ने दक्षिण अफ्रीका को 363 रन का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूज़ीलैण्ड की टीम 50वें ओवर में 362 रन पर सिमट गई। रचिन रविंद्र 108 और केन विलियमसन 102 रन बनाकर आउट हुए।